सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 67 / सो.आ.नि.–301 / 2014
दिनाँकः 10 मई, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा एवं इन्दिरा आवास योजना के सोशल आडिट हेतु सोशल आडिट टीमों के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

ग्राम पंचायतों में वर्ष 2013–14 में मनरेगा एवं इन्दिरा आवास योजनान्तर्गत कराए गए कार्यों के सोशल आडिट की प्रक्रिया जून, 2014 से प्रारंभ हो जाएगी। इसके पूर्व सोशल आडिट टीमों के सभी सदस्यों को जनपद स्तर पर दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (एस0आई0आर0डी0) के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में एस0आई0आर0डी0 के विशेषज्ञ तथा DSAC प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति होंगे।

2. DSACs सोशल आडिट टीमों को भली–भांति प्रशिक्षण प्रदान कर सकें, इस उद्देश्य से दिनांकः 21 से 23 मई, 2014 तक एस0आई0आर0डी0 तथा उससे संबद्ध आर0आई0आर0डी0, बख्शी का तालाब, लखनऊ में ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स (टी0ओ0टी0) प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कृपया अपने जनपद के DSAC को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह दिनांक 20 मई, 2014 को अपरान्ह अथवा दिनांक 21 मई, 2014 को प्रातः 9.00 बजे तक एस0आई0आर0डी0, लखनऊ में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हों। DSAC का उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

3. एस0आई0आर0डी0 पहुँचने पर DSAC डा0 राज किशोर (मो0नं0 09415764031), कोर्स निदेशक, टी0ओ0टी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम को रिपोर्ट करेंगे। प्रशिक्षणार्थियों के रुकने एवं भोजन आदि की व्यवस्था एस0आई0आर0डी0 द्वारा निःशुल्क की जाएगी।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

(शंकर सिंह)
निदेशक।

पत्रांकः– 67 (1) / सो0आ0नि0–301 / 2014

प्रतिलिपि : महानिदेशक, एस0आई0आर0डी0 को उनके पत्र संख्याः 1176 / म.बा.वि. / 18(70)–02 / 2014, दिनांक 08.05.2014 तथा वार्ता के संबंध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित।

(हस्ताक्षर)

(शंकर सिंह)
निदेशक।

Arun DT